# व्यावहारिक व्याकरण

## शब्द-निर्माण : उपसर्ग

*निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

**1. जो शब्दांश किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर नए शब्द की रचना करते हैं, उन्हें कहते हैं–**
(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग
(ग) समास (घ) संधि।

**2. उपसर्ग मूल शब्द में कहाँ जुड़ते हैं–**
(क) प्रारंभ में (ख) अंत में
(ग) मध्य में (घ) इनमें से कोई नहीं।

**3. उपसर्ग होते हैं–**
(क) शब्द (ख) शब्दांश
(ग) मूल शब्द (घ) नवीन शब्द।

**4. हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्ग होते हैं –**
(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच।

**5. उपसर्ग का भेद नहीं है–**
(क) संस्कृत के उपसर्ग (ख) हिंदी के उपसर्ग
(ग) आगत उपसर्ग (घ) विगत उपसर्ग।

**6. संस्कृत के उपसर्गों को क्या कहते हैं–**
(क) देशज उपसर्ग (ख) तत्सम उपसर्ग
(ग) तद्‌भव उपसर्ग (घ) विदेशी उपसर्ग।

**7. तद्‌भव उपसर्ग होते हैं–**
(क) संस्कृत के उपसर्ग (ख) हिंदी के उपसर्ग
(ग) उर्दू के उपसर्ग (घ) अंग्रेज़ी के उपसर्ग।

**8. उपसर्गों के विषय में सत्य नहीं है–**
(क) इनका स्वतंत्र प्रयोग होता है
(ख) इनका स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता
(ग) ये शब्दों के साथ जुड़कर ही अपना अर्थ प्रकट करते हैं
(घ) ये नए शब्द की रचना करते हैं।

**9. संस्कृत का उपसर्ग नहीं है–**
(क) अन् (ख) अति
(ग) अध (घ) अधि।

**10. 'अनु' उपसर्ग का अर्थ है–**
(क) अभाव (ख) अधिक
(ग) पीछे (घ) ऊँचा।

**11. 'अनंत' शब्द में कौन सा उपसर्ग है–**
(क) अन (ख) अन्
(ग) अ (घ) अंत।

**12. संस्कृत के उपसर्ग नहीं हैं–**
(क) अप, अभि, अव, आ (ख) उत्, उप, दुर्, निर्
(ग) परा, परि, प्रति, वि (घ) उन, बिन, कम, बद।

**13. 'अध्यादेश' में उपसर्ग है–**
(क) अ (ख) अधि
(ग) अध (घ) देश।

**14. हिंदी के उपसर्ग नहीं हैं–**
(क) अन, अध (ख) उन, औ
(ग) बे, ला (घ) पर, नि।

**15. 'अन्' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–**
(क) अनिच्छा (ख) अनुचित
(ग) अनुपम (घ) अनुगमन।

**16. किस शब्द में 'स्व' उपसर्ग का प्रयोग नहीं है–**
(क) स्वागत (ख) स्वदेश
(ग) स्वाधीन (घ) स्वराज्य।

**17. आगत उपसर्ग कौन-सा है–**
(क) अति (ख) अधः
(ग) गैर (घ) उन।

**18. किस शब्द में परा उपसर्ग नहीं है–**
(क) पराधीन (ख) पराग
(ग) पराजय (घ) पराक्रम।

**19. 'अन्याय' में कौन-सा उपसर्ग है–**
(क) अ (ख) अन्
(ग) अन (घ) अन्य।

**20. 'अति' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–**
(क) अतिरिक्त (ख) अतिथि
(ग) अत्यंत (घ) अत्यधिक।

**21. 'अनुवाद' में कौन-सा उपसर्ग है–**
(क) अ (ख) अन
(ग) अन् (घ) अनु।

**22. किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नहीं है–**
(क) अपमान (ख) अपव्यय
(ग) अपनापन (घ) अपवाद।

23. 'परि' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–
(क) पर्यावरण (ख) पर्यटन
(ग) परिचालक (घ) परिंदा।

24. कौन-से उपसर्ग का अर्थ 'हीन' नहीं है–
(क) अप (ख) अव
(ग) आ (घ) दुर्।

25. संस्कृत के किस उपसर्ग का अर्थ 'ऊँचा या श्रेष्ठ' है–
(क) अभि (ख) उप
(ग) प्रति (घ) उत्।

26. किस शब्द में 'सम' उपसर्ग का प्रयोग है–
(क) सम्मान (ख) समकालीन
(ग) संकल्प (घ) सम्मेलन।

27. संस्कृत के किस उपसर्ग का अर्थ 'सच्चा या अच्छा' है–
(क) स (ख) सम
(ग) सत् (घ) सह।

28. हिंदी का 'अन' उपसर्ग किस अर्थ के लिए प्रयोग होता है–
(क) आधा (ख) कम
(ग) अधिक (घ) निषेध।

29. 'अनपढ़' में मूल शब्द है–
(क) अ (ख) अन
(ग) पढ़ (घ) अपन।

30. 'बदस्तूर' में उपसर्ग है–
(क) ब (ख) बद
(ग) तूर (घ) दस्तूर।

31. 'ला' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–
(क) लापरवाह (ख) लाइलाज़
(ग) लाली (घ) लापता।

32. 'ना' उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा है–
(क) नापना (ख) नाम
(ग) नाचीज़ (घ) नाई।

33. आगत उपसर्ग 'बा' का अर्थ है–
(क) रहित (ख) सहित
(ग) उत्तम (घ) बुरा।

34. 'सब' उपसर्ग किस प्रकार का उपसर्ग है–
(क) तत्सम (ख) तद्भव
(ग) देशज (घ) विदेशी।

35. 'सब' उपसर्ग से युक्त शब्द है–
(क) सब्ज़ी (ख) सब-इंस्पेक्टर
(ग) सबक़ (घ) सबल।

36. 'सुसंगठित' शब्द में मूल शब्द है–
(क) सु (ख) सम्
(ग) सुसंग (घ) गठित।

37. 'समालोचना' में कौन-से दो उपसर्ग हैं–
(क) स और लोचना (ख) समा और लोचना
(ग) सम् और आ (घ) सम् और ना।

38. एक से अधिक उपसर्ग से बना शब्द नहीं है–
(क) प्रत्युपकार (ख) सहयोग
(ग) व्याकुल (घ) समागम।

39. 'अव' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–
(क) अवज्ञा (ख) अवसन
(ग) अवशेष (घ) अवसान।

40. कौन-सा शब्द 'योग' मूलशब्द और उपसर्ग से नहीं बना है–
(क) वियोग (ख) संयोग
(ग) योगदान (घ) उपयोग।

41. कौन-सा शब्द 'ति' उपसर्ग से नहीं बना है–
(क) तिपाई (ख) तिराहा
(ग) तिरंगा (घ) तिथि।

42. कौन-सा शब्द 'कु' उपसर्ग से बना है–
(क) कुछ (ख) कुलीन
(ग) कुमति (घ) कुमार।

43. कौन-सा शब्द 'सु' उपसर्ग से नहीं बना है–
(क) सुबोध (ख) सुरेश
(ग) सुजन (घ) सुकर्म।

44. कौन-सा शब्द 'स' उपसर्ग से नहीं बना है–
(क) सफल (ख) सक्षम
(ग) सकाम (घ) सवाल।

45. 'विवादित' में कौन-सा उपसर्ग है–
(क) दित (ख) इत
(ग) वि (घ) वाद।

46. 'प्रत्येक' में कौन-सा उपसर्ग है–
(क) प्र (ख) प्रत्य
(ग) एक (घ) प्रति।

47. 'उपसंहार' में मूल शब्द है–
(क) उप (ख) संहार
(ग) सम् (घ) हार।

48. 'अभिभाषण' में कौन-सा उपसर्ग है–
(क) अभि (ख) अ
(ग) अण (घ) भाषण।

49. 'परलोक' में कौन-सा उपसर्ग है–
(क) प्र (ख) परा
(ग) पर (घ) पुरा।

50. कौन-सा शब्द उपसर्ग युक्त नहीं है–
(क) पुनर्जन्म (ख) पुरातत्व
(ग) संसाधन (घ) दिखावटी।

उत्तर– **1.** (ख) **2.** (क) **3.** (ख) **4.** (ख) **5.** (घ) **6.** (ख) **7.** (ख) **8.** (क) **9.** (ग) **10.** (ग) **11.** (ख) **12.** (घ) **13.** (ख) **14.** (ग) **15.** (घ) **16.** (क) **17.** (ग) **18.** (ख) **19.** (क) **20.** (ख) **21.** (घ) **22.** (ग) **23.** (घ) **24.** (ग) **25.** (घ) **26.** (ख) **27.** (ग) **28.** (घ) **29.** (ग) **30.** (क) **31.** (ग) **32.** (ग) **33.** (ख) **34.** (घ) **35.** (ख) **36.** (घ) **37.** (ग) **38.** (ख) **39.** (ख) **40.** (ग) **41.** (घ) **42.** (ग) **43.** (ख) **44.** (घ) **45.** (ग) **46.** (घ) **47.** (घ) **48.** (क) **49.** (ग) **50.** (घ)।

# शब्द-निर्माण : प्रत्यय

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. शब्दों के अंत में लगने वाले शब्दांश कहलाते हैं–
(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय
(ग) समास (घ) निपात।

2. प्रत्ययों द्वारा किया जाता है–
(क) शब्द-निर्माण
(ख) वाक्य-निर्माण
(ग) अर्थ-निर्माण
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

3. **प्रत्यय मुख्यतः कितने प्रकार के होते हैं–**
(क) दो प्रकार के (ख) तीन प्रकार के
(ग) चार प्रकार के (घ) पाँच प्रकार के।

4. **प्रत्यय के दो भेद हैं–**
(क) संज्ञा प्रत्यय और सर्वनाम प्रत्यय
(ख) कृत् प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय
(ग) तत्सम प्रत्यय और तद्भव प्रत्यय
(घ) देशज प्रत्यय और विदेशी प्रत्यय।

5. **कृत् प्रत्यय किसके अंत में जुड़ते हैं–**
(क) संज्ञा के (ख) सर्वनाम के
(ग) विशेषण के (घ) धातु अथवा क्रिया के।

6. **संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि के अंत में जुड़ने वाले प्रत्यय कहलाते हैं–**
(क) संज्ञा प्रत्यय (ख) सर्वनाम प्रत्यय
(ग) विशेषण प्रत्यय (घ) तद्धित प्रत्यय।

7. **कृत् प्रत्यय से बनने वाले शब्द क्या कहलाते हैं–**
(क) कृदंत (ख) सुबंत
(ग) यौगिक (घ) रूढ़।

8. **तद्धित प्रत्यय से बनने वाले शब्द कहलाते हैं–**
(क) विलोम (ख) पर्यायवाची
(ग) तद्धितांत (घ) इनमें से कोई नहीं।

9. **स्रोत के आधार पर प्रत्यय के भेद हैं–**
(क) तत्सम प्रत्यय (ख) तद्भव प्रत्यय
(ग) आगत प्रत्यय (घ) ये सभी।

10. **हिंदी भाषा में संस्कृत के जिन प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें कहते हैं–**
(क) तत्सम प्रत्यय (ख) आगत प्रत्यय
(ग) तद्भव प्रत्यय (घ) देशज प्रत्यय।

11. **'पठनीय' में किस संस्कृत प्रत्यय का प्रयोग हुआ है–**
(क) नीय (ख) ईय
(ग) अनीय (घ) ठनीय।

12. **संस्कृत के 'तृच्' प्रत्यय से बना शब्द नहीं है–**
(क) कर्ता (ख) जाता
(ग) वक्ता (घ) अभिनेता।

13. **प्रत्यय-प्रयोग की दृष्टि से कौन-सा शब्द भिन्न है–**
(क) गढ़ंत (ख) रटंत
(ग) वसंत (घ) भिड़ंत।

14. **'हार' प्रत्यय से बना शब्द है–**
(क) संसार (ख) पालनहार
(ग) कतार (घ) सुनार।

15. **'झगड़ालू' में कौन-सा प्रत्यय है–**
(क) झगड़ा (ख) डालू
(ग) आलू (घ) ऊ।

16. **'एरा' प्रत्यय से बना शब्द नहीं है–**
(क) लुटेरा (ख) कमेरा
(ग) सपेरा (घ) मेरा।

17. **'सामाजिक' में प्रत्यय है–**
(क) सम् (ख) सामा
(ग) जिक (घ) इक।

18. **'ईय' प्रत्यय से बना शब्द नहीं है–**
(क) राष्ट्रीय (ख) मानवीय
(ग) पठनीय (घ) स्वर्गीय।

19. **'कार' प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है–**
(क) कलाकार (ख) बेकार
(ग) चित्रकार (घ) नाटककार।

20. **कौन-सा शब्द 'आहट' प्रत्यय से नहीं बना है–**
(क) कड़वाहट (ख) चिकनाहट
(ग) सजावट (घ) घबराहट।

21. **'ईन' प्रत्यय से कौन-सा शब्द नहीं बना है–**
(क) नागिन (ख) रंगीन
(ग) शौकीन (घ) नमकीन।

22. **किस शब्द में 'आर' प्रत्यय नहीं है–**
(क) कुम्हार (ख) सुनार
(ग) लुहार (घ) विचार।

23. **'मान्' कैसा प्रत्यय है–**
(क) तत्सम प्रत्यय (ख) तद्भव प्रत्यय
(ग) आगत प्रत्यय (घ) देशज प्रत्यय।

24. **'दार' कैसा प्रत्यय है–**
(क) तद्भव प्रत्यय (ख) तत्सम प्रत्यय
(ग) आगत प्रत्यय (घ) देशज प्रत्यय।

25. **किस शब्द में 'आवना' प्रत्यय नहीं है–**
(क) लुभावना (ख) सुहावना
(ग) डरावना (घ) भावना।

26. **कौन-सा शब्द 'आवट' प्रत्यय से नहीं बना है–**
(क) सजावट (ख) दिखावट
(ग) घबराहट (घ) लिखावट।

27. **किस शब्द में 'ईला' प्रत्यय नहीं है–**
(क) चमकीला (ख) टीला
(ग) गर्वीला (घ) शर्मीला।

28. **कौन-सा शब्द आगत प्रत्यय से नहीं बना है–**
(क) चालबाज़ (ख) अक्लमंद
(ग) दयालु (घ) दवाख़ाना।

29. **प्रत्यय-प्रयोग की दृष्टि से कौन-सा शब्द भिन्न है–**
(क) चमचागीरी (ख) नेतागीरी
(ग) नीलगिरि (घ) दादागीरी।

30. **'दान' आगत प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है–**
(क) रक्तदान (ख) कलमदान
(ग) रोशनदान (घ) पीकदान।

31. **'स्वचालित' में प्रत्यय है–**
(क) स्व (ख) चाल
(ग) इत (घ) लित।

32. **'स्थानवाचक तद्धित प्रत्यय' से युक्त शब्द कौन-सा है–**
(क) दिल्ली (ख) मुंबई
(ग) जयपुरिया (घ) बिहार।

33. **किस शब्द में 'संबंधवाचक तद्धित प्रत्यय' प्रयुक्त हुआ है–**
(क) चौकीदार (ख) धनवान्
(ग) चचेरा (घ) लुटिया।

34. **कौन-सा शब्द कृदंत नहीं है–**
(क) गायक (ख) लुहार
(ग) मरियल (घ) उड़ान।

35. **कौन-सा शब्द 'भाववाचक तद्धित प्रत्यय' से युक्त नहीं है–**
(क) मधुरता (ख) पहाड़ी
(ग) पुरुषत्व (घ) लालिमा।

36. **प्रत्यय-प्रयोग से कौन-सा शब्द संज्ञा से विशेषण बना है–**
(क) प्यासा (ख) लालिमा
(ग) कवित्व (घ) बुराई।

37. **प्रत्यय के द्वारा कौन-सा शब्द विशेषण से संज्ञा बनाया गया है–**
(क) दयालु (ख) दर्शनीय
(ग) गरमाहट (घ) जेठानी।

38. कौन-सा शब्द 'व्यवसाय बोधक तद्धितांत' है–
(क) चिकनाहट (ख) चायवाला
(ग) धोखेबाज़ (घ) मोटापा।

39. प्रत्यय-प्रयोग की दृष्टि से कौन-सा शब्द भिन्न है–
(क) बेगाना (ख) सालाना
(ग) मेहनताना (घ) रोज़ाना।

40. कौन-सा शब्द 'आन' प्रत्यय से युक्त नहीं है–
(क) उड़ान (ख) विमान
(ग) मिलान (घ) उठान।

41. 'बदहज़मी' में मूलशब्द क्या है–
(क) बद (ख) ई
(ग) हज़मी (घ) हज़म।

42. कौन-सा शब्द 'आस' प्रत्यय से नहीं बना है–
(क) मिठास (ख) खटास
(ग) परिहास (घ) उजास।

43. 'अध्यापिका' में कौन-सा प्रत्यय है–
(क) अ (ख) अधि
(ग) पिका (घ) इका।

44. 'पांडव' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है–
(क) कृत् प्रत्यय (ख) तद्धित प्रत्यय
(ग) स्त्री प्रत्यय (घ) इनमें से कोई नहीं।

45. किस शब्द में तुलनाबोधक प्रत्यय नहीं है–
(क) लघुतम (ख) अधिकतर
(ग) गिरिधर (घ) उच्चतम।

46. 'अभिमानी' में कौन-सा प्रत्यय है–
(क) अभि (ख) मान
(ग) मानी (घ) ई।

47. 'गर' प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है–
(क) सागर (ख) बाज़ीगर
(ग) कारीगर (घ) सौदागर।

48. 'वैज्ञानिक' में मूलशब्द है–
(क) वैज्ञान (ख) विज्ञान
(ग) निक (घ) इक।

49. 'पन' प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है–
(क) बचपन (ख) अपनापन
(ग) स्वप्न (घ) बड़प्पन।

50. 'शौक' मूलशब्द से बना सही तद्धितांत शब्द है–
(क) शौकवान् (ख) शौकालु
(ग) शौकीन (घ) शौकदार।

उत्तर– **1.** (ख) **2.** (क) **3.** (क) **4.** (ख) **5.** (घ) **6.** (घ) **7.** (क) **8.** (ग) **9.** (घ) **10.** (क) **11.** (ग) **12.** (ख) **13.** (ग) **14.** (ख) **15.** (ग) **16.** (घ) **17.** (घ) **18.** (ग) **19.** (ख) **20.** (ग) **21.** (क) **22.** (घ) **23.** (क) **24.** (ग) **25.** (घ) **26.** (ग) **27.** (ख) **28.** (ग) **29.** (ग) **30.** (क) **31.** (ग) **32.** (ग) **33.** (ग) **34.** (ख) **35.** (ख) **36.** (क) **37.** (ग) **38.** (ख) **39.** (क) **40.** (ख) **41.** (घ) **42.** (ग) **43.** (घ) **44.** (ख) **45.** (ग) **46.** (घ) **47.** (क) **48.** (ख) **49.** (ग) **50.** (ग)।

## शब्द-निर्माण : समास

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. दो या दो से अधिक पदों को संक्षिप्त कर नया शब्द बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं–
(क) संधि (ख) समास
(ग) पदबंध (घ) पद-परिचय।

2. समास करने के पश्चात् जो नया शब्द बनता है, उसे कहते हैं–
(क) समस्तपद (ख) समास-विग्रह
(ग) उत्तरपद (घ) पूर्वपद।

3. समस्तपद के पदों को अलग करने की प्रक्रिया को कहते हैं–
(क) पदच्छेद (ख) समास-विग्रह
(ग) संश्लेषण (घ) विश्लेषण।

4. समास के भेद हैं–
(क) दो (ख) तीन
(ग) पाँच (घ) छह।

5. कर्मधारय और द्विगु समास किसके उपभेद हैं–
(क) तत्पुरुष समास के (ख) अव्ययीभाव समास के
(ग) द्वंद्व समास के (घ) बहुव्रीहि समास के।

6. जिस समास में पूर्वपद प्रधान होता है और अव्यय होता है, उसे कहते हैं–
(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) द्विगु समास।

7. तत्पुरुष समास में प्रधान होता है–
(क) पूर्वपद (ख) उत्तरपद
(ग) अन्यपद (घ) पूर्वपद और उत्तरपद।

8. कर्मधारय समास की पहचान है–
(क) उत्तरपद प्रधान होता है।
(ख) पदों में विशेषण-विशेष्य संबंध होता है।
(ग) पदों में उपमेय-उपमान संबंध होता है।
(घ) उपर्युक्त सभी।

9. पूर्वपद संख्यावाची होता है–
(क) तत्पुरुष समास में (ख) कर्मधारय में
(ग) द्विगु समास में (घ) द्वंद्व समास में।

10. जिस समास में अन्यपद प्रधान होता है, उसे कहते हैं–
(क) द्वंद्व समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

11. द्वंद्व समास की पहचान है–
(क) दोनों पद प्रधान होते हैं।
(ख) उत्तरपद प्रधान होता है।
(ग) पूर्वपद प्रधान होता है।
(घ) अन्यपद प्रधान होता है।

12. विभक्तियों का लोप होता है–
(क) कर्मधारय समास में (ख) तत्पुरुष समास में
(ग) द्वंद्व समास में (घ) बहुव्रीहि समास में।

13. विभक्ति-लोप के आधार पर तत्पुरुष के भेद होते हैं–
(क) चार (ख) पाँच
(ग) छह (घ) सात।

14. कौन-सा समास समाहार का बोध कराता है–
(क) द्वंद्व समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास (घ) अव्ययीभाव समास।

**15. किस समास के दोनों पदों के मध्य 'और' का लोप होता है–**
(क) द्वंद्व समास में (ख) द्विगु समास में
(ग) तत्पुरुष समास में (घ) कर्मधारय समास में।

**16. 'पाठशाला' में कौन-सा समास है–**
(क) तत्पुरुष (ख) कर्मधारय
(ग) द्विगु (घ) अव्ययीभाव।

**17. 'ध्यानमग्न' का समास-विग्रह होगा–**
(क) ध्यान से मग्न (ख) ध्यान पर मग्न
(ग) ध्यान में मग्न (घ) ध्यान को मग्न।

**18. 'घन के समान श्याम' में समास है–**
(क) कर्मधारय (ख) तत्पुरुष
(ग) अव्ययीभाव (घ) द्वंद्व।

**19. 'वाचनालय' में समास है–**
(क) तत्पुरुष समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास।

**20. 'विद्यारत्न' का समास-विग्रह है–**
(क) विद्या का रत्न (ख) विद्या के लिए रत्न
(ग) विद्यारूपी रत्न (घ) विद्या और रत्न।

**21. 'सिंह के समान है जो नर' में समास है–**
(क) द्विगु समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास।

**22. 'जगन्नाथ' में समास है–**
(क) बहुव्रीहि समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास।

**23. देवलोक का समास-विग्रह है–**
(क) देवों से लोक (ख) देवों के लिए लोक
(ग) देवों का लोक (घ) देवों का आलोक।

**24. 'रसोई के लिए घर' में समास है–**
(क) बहुव्रीहि समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास (घ) अव्ययीभाव समास।

**25. 'हवन-सामग्री' में समास है–**
(क) कर्मधारय समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास।

**26. 'प्रतिदिन' का समास-विग्रह है–**
(क) प्रति और दिन (ख) प्रत्येक के लिए दिन
(ग) दिन के अनुसार (घ) दिन-दिन।

**27. 'चार मासों का समाहार' में समास है–**
(क) द्विगु समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

**28. 'शक्ति के अनुसार' का समस्तपद है–**
(क) शक्तियुक्त (ख) शक्तिमुक्त
(ग) यथाशक्ति (घ) सशक्त।

**29. 'माता-पिता' में समास है–**
(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास
(ग) बहुव्रीहि समास (घ) तत्पुरुष समास।

**30. 'एकदंत' का समास-विग्रह है–**
(क) एक दाँत वाला (ख) एक दाँत से
(ग) एक है दाँत जिसका अर्थात् गणेश (घ) एक और दाँत।

**31. 'मीठा है जो अन्न' में समास है–**
(क) तत्पुरुष समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास।

**32. 'मही को धारण करने वाला है जो अर्थात् शेषनाग' का समस्तपद है–**
(क) महानधर (ख) महीवाला
(ग) महीयुक्त (घ) महीधर।

**33. 'शुभदिन' में समास है–**
(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास (घ) द्वंद्व समास।

**34. 'दहेज-प्रथा' का समास-विग्रह है–**
(क) दहेज के लिए प्रथा (ख) दहेज से प्रथा
(ग) दहेज पर प्रथा (घ) दहेज की प्रथा।

**35. 'नौ रात्रियों का समूह' में समास है–**
(क) द्विगु समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) तत्पुरुष समास।

**36. 'चिंता में मग्न' का समस्तपद है–**
(क) चिंतायुक्त (ख) चिंताग्रस्त
(ग) चिंतामग्न (घ) निश्चिंत।

**37. 'अन्नजल' में समास है–**
(क) द्वंद्व समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास।

**38. 'घुड़साल' का समास-विग्रह है–**
(क) घोड़े की साल (ख) घोड़ों के लिए शाला
(ग) घोड़ों की शाला (घ) घोड़ों से शाला।

**39. 'चंद्रमा के समान है जो मुख' में समास है–**
(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) बहुव्रीहि समास।

**40. 'गगन में विचरने वाला' का समस्तपद होगा–**
(क) गगनवासी (ख) गगनचर
(ग) गगनजीव (घ) गगनधारी।

**41. 'यथासमय' में समास है–**
(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) कर्मधारय समास।

**42. 'नीलकमल' का समास-विग्रह है–**
(क) नीला है जो कमल (ख) नीला और कमल
(ग) नीले कमल वाला (घ) नीले कमल पर।

**43. 'जन का आंदोलन' का समस्तपद है–**
(क) जनक्रांति (ख) जनार्दन
(ग) जनांदोलन (घ) जनसमूह।

**44. 'भीमार्जुन' में समास है–**
(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) बहुव्रीहि समास।

**45. 'यथार्थ' का समास-विग्रह है–**
(क) अर्थ के विपरीत (ख) अर्थ के अनुसार
(ग) अर्थ से अधिक (घ) सार्थक शब्द।

**46. 'चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव' का समस्तपद है–**
(क) शिखरचंद्र (ख) चंद्रधर
(ग) चंद्रशेखर (घ) चंद्रपाल।

47. 'विद्यारूपी धन' में समास है–
(क) कर्मधारय (ख) तत्पुरुष
(ग) द्विगु (घ) बहुव्रीहि।

48. 'यथासंभव' में समास है–
(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास (घ) अव्ययीभाव समास।

49. 'राहखर्च' का समास-विग्रह है–
(क) राह में खर्च (ख) राह से खर्च
(ग) राह का खर्च (घ) राह के लिए खर्च।

50. 'कमल के समान नयन' में समास है–
(क) कर्मधारय समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास।

51. 'फूल और पत्ते' का समस्तपद है–
(क) पुष्पयुक्त (ख) सपत्र
(ग) फूल-पत्र (घ) पल्लवित।

52. 'आपबीती' (आप पर बीती) में समास है–
(क) तत्पुरुष (ख) कर्मधारय
(ग) द्विगु (घ) द्वंद्व।

53. 'नरोत्तम' (नरों में उत्तम) में समास है–
(क) कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि
(ग) अव्ययीभाव (घ) तत्पुरुष।

54. 'लोकप्रिय' (लोक में प्रिय) में समास है–
(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्वंद्व समास।

55. 'महाराजा' (महान है जो राजा) में समास है–
(क) बहुव्रीहि समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास।

56. 'चंद्रकला' (चंद्रमा की कला) में समास है–
(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वंद्व समास।

57. 'सेवा और शुश्रूषा' (सेवा-शुश्रूषा) में समास है–
(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

58. 'पानी की चक्की' (पनचक्की) में समास है–
(क) कर्मधारय समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्विगु समास।

59. 'नत है जो मस्तक' (नतमस्तक) में समास है–
(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वंद्व समास।

60. रात-ही-रात में (रातोंरात) में समास है–
(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्विगु समास।

61. 'क्रीडा के लिए क्षेत्र' समस्तपद होगा–
(क) मैदान (ख) क्रीडालय
(ग) क्रीडा-मैदान (घ) क्रीडाक्षेत्र।

62. 'क्रोधाग्नि' का समास-विग्रह होगा–
(क) क्रोधरूपी अग्नि (ख) क्रोध की अग्नि
(ग) क्रोध के जैसी अग्नि (घ) अग्नि के लिए क्रोध।

63. 'नक्षर' का समस्त पद बनेगा–
(क) क्षरन (ख) क्षरण
(ग) नक्षर (घ) अक्षर।

64. 'दस या पंद्रह' में समास है–
(क) द्वंद्व (ख) द्विगु
(ग) कर्मधारय (घ) अव्ययीभाव।

65. 'अनुदिन' का समास-विग्रह होगा–
(क) दिन-ब-दिन (ख) हर एक दिन
(ग) आने वाला दिन (घ) बीता हुआ दिन।

66. 'उपदेश-माला' का समास-विग्रह है–
(क) उपदेश की माला
(ख) उपदेशरूपी माला
(ग) उपदेश के लिए माला
(घ) माला के साथ उपदेश।

67. कर्मधारय समास का उदाहरण है–
(क) अरुचि (ख) निर्भय
(ग) सुमृत्यु (घ) पतिव्रता।

68. 'घन के समान श्याम है जो (श्रीकृष्ण) में समास है–
(क) बहुव्रीहि (ख) कर्मधारय
(ग) अव्ययीभाव (घ) द्विगु।

69. 'सूप के समान नख हैं' जिसके अर्थात् रावण की बहन का समस्तपद होगा–
(क) सूपनख (ख) रावण भगिनी
(ग) शूर्पणखा (घ) सूपनाखून।

70. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रभाकर | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | अनुरूप | (ii) | द्वंद्व समास |
| (iii) | परमानंद | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | षड्रस | (iv) | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iii).

71. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | स्वर्ग-नरक | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | विषधर | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | सप्तर्षि | (iii) | द्वंद्व समास |
| (iv) | राजाज्ञा | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (ii) और (iv)
(घ) (iii) और (iv).

72. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | धनहीन | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | यथासमय | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | कापुरुष | (iii) | बहुव्रीहि समास |
| (iv) | एकदंत | (iv) | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)

(ग) (iii) और (iv) (घ) (ii) और (iv).

73. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | दोपहर | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | सद्धर्म | (ii) | तत्पुरुष समास |
| (iii) | वीणापाणि | (iii) | बहुव्रीहि समास |
| (iv) | नदी-नाले | (iv) | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)

(ग) (iii) और (iv) (घ) (i) और (iii).

74. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रतिवर्ष | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | रोगमुक्त | (ii) | तत्पुरुष समास |
| (iii) | महाजन | (iii) | द्विगु समास |
| (iv) | हार-जीत | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iv)

(ग) (i) और (iii) (घ) (iii) और (iv).

75. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | अंशुमाली | (i) | बहुव्रीहि समास |
| (ii) | पंचतत्त्व | (ii) | कर्मधारय समास |
| (iii) | चंद्रमुख | (iii) | तत्पुरुष समास |
| (iv) | बेखटके | (iv) | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (ii)

(ख) (i) और (iv)

(ग) (ii) और (iii)

(घ) (iii) और (iv).

**उत्तर–** 1. (ख) 2. (क) 3. (ख) 4. (घ) 5. (क) 6. (ख) 7. (ख) 8. (घ) 9. (ग) 10. (ख) 11. (क) 12. (ख) 13. (ग) 14. (ग) 15. (क) 16. (क) 17. (ग) 18. (क) 19. (क) 20. (ग) 21. (ख) 22. (क) 23. (ग) 24. (ख) 25. (ग) 26. (घ) 27. (क) 28. (ग) 29. (क) 30. (ग) 31. (ग) 32. (घ) 33. (ख) 34. (घ) 35. (क) 36. (ग) 37. (क) 38. (ख) 39. (क) 40. (ख) 41. (ख) 42. (क) 43. (ग) 44. (क) 45. (ख) 46. (ग) 47. (क) 48. (घ) 49. (घ) 50. (क) 51. (ग) 52. (क) 53. (घ) 54. (क) 55. (ग) 56. (क) 57. (क) 58. (ग) 59. (क) 60. (ग) 61. (घ) 62. (क) 63. (घ) 64. (क) 65. (क) 66. (ख) 67. (ग) 68. (क) 69. (ग) 70. (घ) 71. (ग) 72. (क) 73. (घ) 74. (ख) 75. (ख)।

# अर्थ की दृष्टि से वाक्य-भेद

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **सार्थक पदों के व्यवस्थित समूह को कहते हैं–**

(क) पद-समूह (ख) वाक्य

(ग) पदबंध (घ) पदसंग्रह।

2. **वाक्य के कितने अंग होते हैं–**

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच।

3. **वाक्य के दो अंग हैं–**

(क) कर्ता और कर्म (ख) क्रिया और कर्म

(ग) उद्देश्य और विधेय (घ) कर्ता और क्रिया।

4. **वाक्य में जिसके विषय में बात की जाती है, उसे कहते हैं–**

(क) कर्म (ख) उद्देश्य

(ग) विधेय (घ) क्रिया।

5. **उद्देश्य के विषय में जो बात की जाती है, उसे कहते हैं–**

(क) विधेय (ख) पूरक

(ग) कर्म (घ) कर्ता।

6. **वाक्य के कितने तत्त्व हैं–**

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच।

7. **वाक्य का तत्त्व नहीं है–**

(क) पदक्रम (ख) उद्देश्य और विधेय

(ग) अन्विति और आकांक्षा (घ) योग्यता और निकटता।

8. **वाक्य के विषय में सत्य नहीं है–**

(क) वाक्य एक पद का भी हो सकता है

(ख) वाक्य की पूर्णता उसके संदर्भ पर निर्भर होती है

(ग) वाक्य में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक समापिका क्रिया अवश्य होती है

(घ) हिंदी वाक्यों में पदों का कोई निश्चित क्रम नहीं होता।

9. **अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं–**

(क) चार (ख) पाँच (ग) सात (घ) आठ।

10. **जिन वाक्यों में किसी कार्य, वस्तु या स्थिति के होने का सामान्य कथन होता है, उन्हें कहते हैं–**

(क) विधानवाचक (ख) निषेधवाचक

(ग) प्रश्नवाचक (घ) आज्ञावाचक।

11. **जिन वाक्यों में किसी कार्य या बात का निषेध होता है, उन्हें कहते हैं–**

(क) विधानवाचक (ख) इच्छावाचक

(ग) विस्मयवाचक (घ) निषेधवाचक।

12. **जिन वाक्यों में कोई प्रश्न पूछा जाता है, उन्हें कहते हैं–**

(क) प्रश्नवाचक (ख) संदेहवाचक

(ग) संकेतवाचक (घ) इच्छावाचक।

**13. 'आज्ञावाचक' वाक्य क्या प्रकट करते हैं–**

(क) आज्ञा या आदेश का भाव (ख) चेतावनी या निर्देश का भाव

(ग) विनय या प्रार्थना का भाव (घ) ये सभी।

**14. वक्ता की इच्छा, कामना, आशीष आदि भावों को प्रकट करने वाले वाक्य कहलाते हैं–**

(क) इच्छावाचक (ख) संकेतवाचक

(ग) संदेहवाचक (घ) आज्ञावाचक।

**15. विस्मय आदि भावों को प्रकट करने वाले वाक्य कहलाते हैं–**

(क) संदेहवाचक (ख) इच्छावाचक

(ग) विस्मयवाचक (घ) संकेतवाचक।

**16. जिन वाक्यों से क्रिया के संपन्न होने में कुछ संदेह का भाव प्रकट हो, उन्हें कहते हैं–**

(क) संदेहवाचक (ख) विधानवाचक

(ग) प्रश्नवाचक (घ) आज्ञावाचक।

**17. जिन वाक्यों में एक कार्य का सिद्ध होना दूसरे कार्य पर निर्भर होता है, उन्हें कहते हैं–**

(क) संकेतवाचक (ख) संदेहवाचक

(ग) आज्ञावाचक (घ) विधानवाचक।

**18. विस्मयवाचक वाक्य कौन-सा है–**

(क) रोगी से चला नहीं जाता।

(ख) अरे! इधर गड्ढा है।

(ग) शायद मैं विदेश चली जाऊँ।

(घ) जब बिजली आए, मोटर चला देना।

**19. कौन-सा वाक्य निषेधवाचक है–**

(क) सागर में लहरें उठ रही हैं।

(ख) राधा आज स्कूल नहीं जाएगी।

(ग) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

(घ) शायद आज वर्षा होगी।

**20. निम्नलिखित वाक्यों में विधानवाचक वाक्य पहचानकर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए–**

1. वह नाश्ता करके चला गया।
2. वह कार चलाना नहीं जानता।
3. राधा गाती है और मोहन बजाता है।
4. क्या आप मेरे घर चलेंगे?

(क) 1 और 2 सही हैं। (ख) 2 और 3 सही हैं।

(ग) 1 और 3 सही हैं। (घ) 2 और 4 सही हैं।

**21. निम्नलिखित वाक्यों में निषेधवाचक वाक्य पहचानकर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए–**

1. मै प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ।
2. वह घर नहीं गया है।
3. बाहर चले जाओ।
4. बच्चा अभी नहीं सोया है।

(क) 2 और 4 सही हैं। (ख) 1 और 2 सही हैं।

(ग) 3 और 4 सही हैं। (घ) 2 और 3 सही हैं।

**22. निम्नलिखित वाक्यों में इच्छावाचक वाक्य पहचानकर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए–**

1. आपकी यात्रा मंगलमय हो।
2. मणि आज स्कूल नहीं जाएगा।
3. समिति में पाँच सदस्य हैं।
4. नववर्ष की शुभकामनाएँ।

(क) 1 और 2 सही हैं। (ख) 1 और 4 सही हैं।

(ग) 2 और 3 सही हैं। (घ) 2 और 4 सही हैं।

**23. 'विनय का पत्र आया है।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है–**

(क) विधानवाचक (ख) संकेतवाचक

(ग) संदेहवाचक (घ) निषेधवाचक।

**24. कौन-सा वाक्य संदेहवाचक है–**

(क) हमारे स्कूल में बहुत हरियाली है।

(ख) हाय राम! मैं तो लुट गया।

(ग) शायद वह कल तक आए।

(घ) तुम्हारा क्या नाम है?

**25. 'यदि परिश्रम करते तो पास हो जाते।'– वाक्य का भेद है–**

(क) विधानवाचक (ख) संकेतवाचक

(ग) संदेहवाचक (घ) प्रश्नवाचक।

**26. 'छात्र परीक्षा नहीं देंगे।'– वाक्य का भेद है–**

(क) प्रश्नवाचक (ख) आज्ञावाचक

(ग) निषेधवाचक (घ) इच्छावाचक।

**27. 'वाह! क्या सुंदर दृश्य है।'– वाक्य का भेद है–**

(क) संकेतवाचक (ख) विधानवाचक

(ग) प्रश्नवाचक (घ) विस्मयवाचक।

**28. 'वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया।'– वाक्य का भेद है–**

(क) विधानवाचक (ख) इच्छावाचक

(ग) आज्ञावाचक (घ) निषेधवाचक।

**29. आज्ञावाचक वाक्य चुनिए–**

(क) अब तुम घर जाओ। (ख) सुरेश को कल बुखार था।

(ग) उसने कोई प्रयास नहीं किया। (घ) हम मैच जीत गए।

**30. कौन-सा वाक्य इच्छावाचक है–**

(क) शायद वह भोजन कर चुका है।

(ख) गणेश रोज़ सैर करता है।

(ग) रश्मि कब तक घर लौटेगी?

(घ) नव वर्ष की शुभकामनाएँ।

**31. 'आप मेरे साथ चलें।'–वाक्य का निषेधवाचक में रूपांतरण होगा–**

(क) क्या आप मेरे साथ चलेंगे? (ख) आप मेरे साथ न चलें।

(ग) आप मेरे साथ चलते हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं।

**32. 'मीना बाज़ार जाएगी।'– वाक्य का आज्ञावाचक में रूपांतरण होगा–**

(क) मीना बाज़ार जाओ।

(ख) क्या मीना बाज़ार जाएगी?

(ग) शायद मीना बाज़ार जाएगी।

(घ) अरे! मीना बाज़ार जाएगी।

**33. 'तुम्हारी साड़ी बहुत सुंदर है।'– वाक्य का विस्मयवाचक में रूपांतरण होगा–**

(क) क्या तुम्हारी साड़ी बहुत सुंदर है?

(ख) तुम्हारी साड़ी बहुत सुंदर नहीं है।

(ग) वाह! तुम्हारी साड़ी बहुत सुदंर है।

(घ) शायद तुम्हारी साड़ी सुंदर है।

**34. 'उसने भोजन किया।'– वाक्य का संदेहवाचक में रूपांतरण होगा–**

(क) उसने भोजन नहीं किया।

(ख) क्या उसने भोजन कर लिया?

(ग) शायद उसने भोजन कर लिया।

(घ) वह भोजन करे।

35. 'कसरत से शरीर पुष्ट होगा।'–वाक्य का संकेतवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) कसरत से शरीर पुष्ट नहीं होगा।
(ख) क्या कसरत से शरीर पुष्ट होगा?
(ग) कसरत से शरीर पुष्ट करो।
(घ) यदि कसरत करोगे तो शरीर पुष्ट होगा।

36. 'अब उसकी नौकरी लग जाएगी।'– वाक्य का इच्छावाचक में रूपांतरण होगा–
(क) अब उसकी नौकरी लगनी चाहिए।
(ख) अब उसकी नौकरी नहीं लगेगी।
(ग) क्या अब उसकी नौकरी लग जाएगी?
(घ) शायद अब उसकी नौकरी लग जाएगी।

37. 'सूर्य भ्रमणशील है।'–वाक्य का प्रश्नवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) सूर्य भ्रमणशील नहीं है। (ख) क्या सूर्य भ्रमणशील है?
(ग) अरे! सूर्य भ्रमणशील है। (घ) शायद सूर्य भ्रमणशील है।

38. 'क्या मोहन आपके साथ रहता है?'–वाक्य का विधानवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) मोहन आपके साथ नहीं रहता।
(ख) मोहन आपके साथ रहता है।
(ग) अरे! मोहन आपके साथ रहता है।
(घ) मोहन आपके साथ रहे।

39. 'हर्ष गीत गा रहा है।'– वाक्य का विस्मयवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) अरे! हर्ष गीत गा रहा है। (ख) क्या हर्ष गीत गा रहा है?
(ग) हर्ष गीत नहीं गा रहा है। (घ) हर्ष को गीत गाना चाहिए।

40. 'गरिमा फ़िल्म देखने जाएगी।'–वाक्य का प्रश्नवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) गरिमा फ़िल्म देखने नहीं जाएगी।
(ख) शायद गरिमा फ़िल्म देखने जाएगी।
(ग) क्या गरिमा फ़िल्म देखने जाएगी?
(घ) गरिमा फ़िल्म देखने जाओ।

41. 'मेहनत करने से काम पूरे हो जाते हैं।'–वाक्य का संकेतवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) यदि मेहनत करते हैं तो काम पूरे हो जाते हैं।
(ख) मेहनत करने से काम पूरे नहीं होते।
(ग) क्या मेहनत करने से काम पूरे हो जाते हैं?
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

42. 'आज धूप निकलेगी।'–वाक्य का संदेहवाचक में रूपांतरण होगा–
(क) क्या आज धूप निकलेगी? (ख) आज धूप नहीं निकलेगी।
(ग) शायद आज धूप निकलेगी। (घ) वाह! आज धूप निकलेगी।

43. 'मैं तुमसे डरता हूँ क्या।'–वाक्य का भेद है–
(क) विधानवाचक (ख) निषेधवाचक
(ग) प्रश्नवाचक (घ) इच्छावाचक।

44. 'छिः! यहाँ बहुत गंदगी है।'–वाक्य का भेद है–
(क) विधानवाचक (ख) विस्मयवाचक
(ग) प्रश्नवाचक (घ) संकेतवाचक।

45. 'सब लोग कहाँ चले गए?'–वाक्य का भेद है–
(क) प्रश्नवाचक (ख) निषेधवाचक
(ग) आज्ञावाचक (घ) इच्छावाचक।

46. कौन-सा वाक्य विधानवाचक है–
(क) निधि अच्छा लिखती है। (ख) क्या यह आपकी दुकान है?
(ग) उफ़! कितनी गरमी है। (घ) भगवान तुम्हारा भला करे।

47. संदेहवाचक वाक्य चुनिए–
(क) उसने अपनी बात कह दी।
(ख) तुमने अपना काम क्यों नहीं किया?
(ग) शायद आज पिताजी देर से आएँगे।
(घ) वह कहाँ का नेता है?

48. 'कमला मन लगाकर पढ़ो।'–वाक्य का भेद है–
(क) निषेधवाचक (ख) प्रश्नवाचक
(ग) आज्ञावाचक (घ) संकेतवाचक।

49. 'यदि वर्षा होती तो फ़सल अच्छी होती।'–वाक्य का भेद है–
(क) संदेहवाचक (ख) संकेतवाचक
(ग) इच्छावाचक (घ) आज्ञावाचक।

50. 'चलिए, संगम घूम आते हैं।'–वाक्य का भेद है–
(क) इच्छावाचक (ख) आज्ञावाचक
(ग) विधानवाचक (घ) निषेधवाचक।

51. 'अरे! तुम यहाँ भी आ गए।'–वाक्य का भेद है–
(क) आज्ञावाचक (ख) संकेतवाचक
(ग) विस्मयवाचक (घ) संदेहवाचक।

52. वाक्य का भेद नहीं है–
(क) विधानवाचक (ख) विधेयवाचक
(ग) विस्मयवाचक (घ) इच्छावाचक।

53. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | सागर में लहरें उठ रही हैं। | (i) | प्रश्नवाचक वाक्य |
| 2 | तुम्हें आज बाहर नहीं जाना है। | (ii) | विधानवाचक वाक्य |
| 3 | रश्मि कब तक घर लौटेगी? | (iii) | निषेधवाचक वाक्य |

विकल्प–
(क) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii) (ख) 1 (iii), 2 (i), 3 (ii)
(ग) 1 (ii), 2 (i), 3 (iii) (घ) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i)

54. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | ईश्वर तुम्हारी मनोकामना पूर्ण करे। | (i) | संदेहवाचक वाक्य |
| 2 | वाह! कितना अच्छा मौसम है। | (ii) | इच्छावाचक वाक्य |
| 3 | शायद आज वर्षा हो। | (iii) | विस्मयवाचक वाक्य |

विकल्प–
(क) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i) (ख) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii)
(ग) 1 (iii), 2 (i), 3 (ii) (घ) 1 (iii), 2 (ii), 3 (i)

55. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | यदि परिश्रम करते तो पास हो जाते। | (i) | प्रश्नवाचक वाक्य |
| 2 | चुपचाप बैठ जाओ! | (ii) | संकेतवाचक वाक्य |
| 3 | तुम्हारी पुस्तक कहाँ है? | (iii) | आज्ञावाचक वाक्य |

विकल्प–

(क) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii)　　(ख) 1 (i), 2 (iii), 3 (ii)

(ग) 1 (iii), 2 (i), 3 (ii)　　(घ) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i)

**उत्तर–** **1.** (ख) **2.** (क) **3.** (ग) **4.** (ख) **5.** (क) **6.** (घ) **7.** (ख) **8.** (घ) **9.** (घ) **10.** (क) **11.** (घ) **12.** (क) **13.** (घ) **14.** (क) **15.** (ग) **16.** (क) **17.** (क) **18.** (ख) **19.** (ख) **20.** (ग) **21.** (क) **22.** (ख) **23.** (क) **24.** (ग) **25.** (ख) **26.** (ग) **27.** (घ) **28.** (क) **29.** (क) **30.** (घ) **31.** (ख) **32.** (क) **33.** (ग) **34.** (ग) **35.** (घ) **36.** (क) **37.** (ख) **38.** (ख) **39.** (क) **40.** (ग) **41.** (क) **42.** (ग) **43.** (ख) **44.** (ख) **45.** (क) **46.** (क) **47.** (ग) **48.** (ग) **49.** (ख) **50.** (क) **51.** (ग) **52.** (ख) **53.** (घ) **54.** (क) **55.** (घ)।

# अलंकार

**निर्देश–***निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

**1. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्त्वों को कहते हैं–**

(क) छंद　　(ख) अलंकार

(ग) रस　　(घ) समास।

**2. अलंकार का शाब्दिक अर्थ है–**

(क) आनंद　　(ख) सौंदर्य

(ग) आभूषण　　(घ) वस्त्र।

**3. अलंकार के मुख्य भेद कितने हैं–**

(क) दो　　(ख) तीन

(ग) चार　　(घ) पाँच।

**4. शब्दालंकार किस पर आधारित होता है–**

(क) अर्थ पर　　(ख) शब्दों पर

(ग) वाक्यों पर　　(घ) छंदों पर।

**5. अर्थालंकार किस पर आधारित होता है–**

(क) अर्थ पर　　(ख) लय पर

(ग) शब्दों पर　　(घ) तुकों पर।

**6. शब्दालंकार के प्रमुख भेद कितने हैं–**

(क) दो　　(ख) तीन　　(ग) चार　　(घ) पाँच।

**7. शब्दालंकार का भेद नहीं है–**

(क) अनुप्रास　　(ख) यमक

(ग) श्लेष　　(घ) उपमा।

**8. जहाँ एक या एक से अधिक वर्णों की अनेक बार आवृत्ति होती है, वहाँ होता है–**

(क) यमक अलंकार　　(ख) अनुप्रास अलंकार

(ग) रूपक अलंकार　　(घ) उपमा अलंकार।

**9. जहाँ एक शब्द एक से अधिक बार आए और हर बार अर्थ भिन्न हो, वहाँ होता है–**

(क) यमक अलंकार　　(ख) उपमा अलंकार

(ग) रूपक अलंकार　　(घ) अनुप्रास अलंकार।

**10. जहाँ किसी वस्तु की तुलना दूसरी प्रसिद्ध वस्तु से हो जाती है, वहाँ होता है–**

(क) रूपक अलंकार　　(ख) अनुप्रास अलंकार

(ग) उपमा अलंकार　　(घ) यमक अलंकार।

**11. जहाँ उपमेय और उपमान में अभेद संबंध होता है, वहाँ होता है–**

(क) रूपक अलंकार　　(ख) यमक अलंकार

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार　　(घ) श्लेष अलंकार।

**12. उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं–**

(क) दो　　(ख) तीन

(ग) चार　　(घ) पाँच।

**13. उपमा अलंकार का अंग नहीं है–**

(क) उपमेय-उपमान　　(ख) साधारण धर्म

(ग) वाचक शब्द　　(घ) विशेष धर्म।

**14. जिस वस्तु या प्राणी की तुलना की जाती है, उसे कहते हैं–**

(क) उपमान　　(ख) उपमेय

(ग) वाचक शब्द　　(घ) साधरण धर्म।

**15. जिस प्रसिद्ध वस्तु से उपमेय की तुलना की जाती है, उसे कहते हैं–**

(क) उपमान　　(ख) वाचक

(ग) साधारण धर्म　　(घ) विशेष धर्म।

**16. 'रघुपति राघव राजा राम।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) रूपक

(ग) अनुप्रास　　(घ) उपमा।

**17. 'काली घटा का घमंड घटा।'–पंक्ति में अलंकार है–**

(क) अनुप्रास　　(ख) यमक

(ग) रूपक　　(घ) उपमा।

**18. 'कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) रूपक

(ग) उपमा　　(घ) अनुप्रास।

**19. 'आए महंत बसंत।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) रूपक　　(ख) उपमा

(ग) यमक　　(घ) उत्प्रेक्षा।

**20. 'मुदित महीपति मंदिर आए।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) श्लेष

(ग) उपमा　　(घ) अनुप्रास।

**21. 'तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) श्लेष

(ग) उपमा　　(घ) रूपक।

**22. 'निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) रूपक　　(ख) उपमा

(ग) यमक　　(घ) अनुप्रास।

**23. 'वन शारदी चंद्रिका चादर ओढ़े।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) रूपक

(ग) उपमा　　(घ) अनुप्रास।

**24. '<u>मधुर मधुर</u> मेरे दीपक जला'–रेखांकित अंश में अलंकार है–**

(क) उपमा　　(ख) रूपक

(ग) यमक　　(घ) अनुप्रास।

**25. '<u>राम-नाम मनिदीप</u> धरि, <u>जीह देहरी</u> द्वार।'– रेखांकित में अलंकार है–**

(क) यमक　　(ख) उपमा

(ग) उत्प्रेक्षा　　(घ) रूपक।

**26. 'वह <u>दीपशिखा-सी</u> शांतभाव में लीन।'– रेखांकित में अलंकार है–**

(क) उपमा　　(ख) रूपक

(ग) श्लेष　　(घ) उत्प्रेक्षा।

**27. 'पड़ी थी बिजली-सी विकराल।'– पंक्ति में उपमान है–**

(क) विकराल　　(ख) सी

(ग) बिजली　　(घ) पड़ी थी।

**28. 'तब तो <u>बहता समय</u> शिला-सा जम जाएगा।'– पंक्ति में रेखांकित है–**

(क) उपमेय　　(ख) उपमान

(ग) वाचक शब्द　　(घ) साधारण धर्म।

29. 'चँवर सदृश डोल रहे सरसों के सर अनंत।'–पंक्ति में वाचक शब्द है–
(क) चँवर (ख) सदृश
(ग) सरसों (घ) सर अनंत।

30. 'चँवर सदृश डोल रहे सरसों के सर अनंत।'– पंक्ति में साधारण धर्म है–
(क) सर अनंत (ख) सदृश
(ग) डोल रहे (घ) चँवर।

31. अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है–
(क) चारु चंद्र की चंचल किरणें।
(ख) नभ मंडल छाया मरुस्थल-सा।
(ग) चरण-कमल बंदौं हरियाई।
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

32. 'यमक' अलंकार का उदाहरण है–
(क) आए महंत बसंत।
(ख) मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
(ग) कहे कवि बेनी-बेनी ब्याल की चुराय लीन्ही।
(घ) निपट निरंकुस निठुर निसंकू।

33. 'उपमा' अलंकार का उदाहरण है–
(क) भूतल तवा-सा जल रहा।
(ख) पानी गए न ऊबरे मोती, मानुस, चून।
(ग) प्रीति-नदी में पाँव न बोरयौ।
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

34. 'रूपक' अलंकार का उदाहरण है–
(क) उषा सुनहले तीर बरसाती।
(ख) पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
(ग) को घटि ए वृषभानुजा वे हलधर के बीर।
(घ) एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास।

35. 'अनुप्रास' अलंकार का उदाहरण है–
(क) मंगन को देखि पट देत बार-बार है।
(ख) रंकन्ह राय रासि जनु लूटी।
(ग) जीवन-तरु की महिमा न्यारी।
(घ) तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।

36. 'यमक' अलंकार का उदाहरण है–
(क) कूकै लगी कोइलें, कदंबन पै बैठि फेरि।
(ख) डिम-डिम डमरू दिगंबर बजाई है।
(ग) जेते तुम तारे तेते नभ में न तारे हैं।
(घ) सुबरन को खोजत फिरत कवि व्यभिचारी चोर।

37. 'उपमा' अलंकार का उदाहरण है–
(क) पीपर पात सरिस मन डोला।
(ख) सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण का घड़ा।
(ग) प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

38. 'रूपक' अलंकार का उदाहरण है–
(क) आवत ज्ञात कुंज की गलियन रूप सुधा नित पीजै।
(ख) अपलक नभ नील-नयन विशाल।
(ग) खड़-खड़ करताल बजा, नाच रही बेसुध हवा।
(घ) ऊधौ जोग-जोग हम नाहीं।

39. 'कर का <u>मनका</u> डारि के, <u>मन का मनका</u> फेर।'– रेखांकित अंश में कौन-सा अलंकार है–
(क) रूपक (ख) उपमा
(ग) यमक (घ) श्लेष।

40. यमक अलंकार में किसकी आवृत्ति होती है–
(क) वर्ण की (ख) शब्द की
(ग) वाक्य की (घ) इनमें से किसी की नहीं।

41. एक वर्ण की एक से अधिक आवृत्ति होने पर कौन-सा अलंकार होता है–
(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) यमक (घ) अनुप्रास।

42. 'एक रम्य उपवन था, नंदन वन-सा सुंदर।'– पंक्ति में उपमान है–
(क) एक रम्य (ख) उपवन
(ग) नंदन वन (घ) सुंदर।

43. 'जीवन-तरु की महिमा न्यारी।'– पक्ति में कौन-सा अलंकार है–
(क) यमक (ख) श्लेष
(ग) उपमा (घ) रूपक।

44. 'खेदि-खेदि' खाती दीह दारुन के।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) अनुप्रास (ख) यमक
(ग) उपमा (घ) रूपक।

45. 'तेरी बरछी ने बर छीने हैं खलन के।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) रूपक (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) यमक (घ) श्लेष।

46. 'मुख बालरवि सम लाल होकर, ज्वाल-सा बोधित हुआ।' में अलंकार है–
(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) यमक (घ) अनुप्रास।

47. 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष।

48. 'विधि कुलाल कीन्हें काँचे घट।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) यमक (घ) रूपक।

49. 'हरिपद कोमल कमल-से।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) यमक (घ) मानवीकरण।

50. 'किलकी-किलकी कैं कुतूहल करति काली।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) उपमा (ख) अनुप्रास
(ग) यमक (घ) श्लेष।

उत्तर– **1.** (ख) **2.** (ग) **3.** (क) **4.** (ख) **5.** (क) **6.** (ख) **7.** (घ) **8.** (ख) **9.** (क) **10.** (ग) **11.** (क) **12.** (ग) **13.** (घ) **14.** (ख) **15.** (क) **16.** (ग) **17.** (ख) **18.** (ग) **19.** (क) **20.** (घ) **21.** (क) **22.** (ख) **23.** (ख) **24.** (घ) **25.** (घ) **26.** (क) **27.** (ग) **28.** (क) **29.** (ख) **30.** (ग) **31.** (क) **32.** (ग) **33.** (क) **34.** (घ) **35.** (घ) **36.** (ग) **37.** (क) **38.** (क) **39.** (ग) **40.** (ख) **41.** (घ) **42.** (ग) **43.** (घ) **44.** (क) **45.** (ग) **46.** (क) **47.** (ख) **48.** (घ) **49.** (क) **50.** (ख)।

# अभ्यास प्रश्न

*निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

**1. संस्कृत के उपसर्ग नहीं हैं–**

(क) अप, अभि, अव, आ (ख) उत्, उप, दुर्, निर्
(ग) परा, परि, प्रति, वि (घ) उन, बिन, कम, बद।

**2. कौन-से उपसर्ग का अर्थ 'हीन' नहीं है–**

(क) अप (ख) अव
(ग) आ (घ) दुर्।

**3. 'सुसंगठित' शब्द में मूल शब्द है–**

(क) सु (ख) सम्
(ग) सुसंग (घ) गठित।

**4. कौन-सा शब्द 'सु' उपसर्ग से नहीं बना है–**

(क) सुबोध (ख) सुरेश
(ग) सुजन (घ) सुकर्म।

**5. 'उपसंहार' में मूल शब्द है–**

(क) उप (ख) संहार
(ग) सम् (घ) हार।

**6. कृत् प्रत्यय से बनने वाले शब्द क्या कहलाते हैं–**

(क) कृदंत (ख) सुबंत
(ग) यौगिक (घ) रूढ़।

**7. 'सामाजिक' में प्रत्यय है–**

(क) सम् (ख) सामा
(ग) जिक (घ) इक।

**8. किस शब्द में 'आर' प्रत्यय नहीं है–**

(क) कुम्हार (ख) सुनार
(ग) लुहार (घ) विचार।

**9. प्रत्यय के द्वारा कौन-सा शब्द विशेषण से संज्ञा बनाया गया है–**

(क) दयालु (ख) दर्शनीय
(ग) गरमाहट (घ) जेठानी।

**10. किस शब्द में तुलनाबोधक प्रत्यय नहीं है–**

(क) लघुतम (ख) अधिकतर
(ग) गिरिधर (घ) उच्चतम।

**11. पूर्वपद संख्यावाची होता है–**

(क) तत्पुरुष समास में (ख) कर्मधारय में
(ग) द्विगु समास में (घ) द्वंद्व समास में।

**12. 'विद्यारत्न' का समास-विग्रह है–**

(क) विद्या का रत्न (ख) विद्या के लिए रत्न
(ग) विद्यारूपी रत्न (घ) विद्या और रत्न।

**13. 'नौ रात्रियों का समूह' में समास है–**

(क) द्विगु समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) तत्पुरुष समास।

**14. 'यथासमय' में समास है–**

(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) कर्मधारय समास।

**15. 'लोकप्रिय' (लोक में प्रिय) में समास है–**

(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्वंद्व समास।

**16. वाक्य के विषय में सत्य नहीं है–**

(क) वाक्य एक पद का भी हो सकता है
(ख) वाक्य की पूर्णता उसके संदर्भ पर निर्भर होती है
(ग) वाक्य में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक समापिका क्रिया अवश्य होती है
(घ) हिंदी वाक्यों में पदों का कोई निश्चित क्रम नहीं होता।

**17. 'चुपचाप बैठ जाओ।'– वाक्य का भेद है –**

(क) आज्ञावाचक (ख) इच्छावाचक
(ग) संकेतवाचक (घ) संदेहवाचक।

**18. आज्ञावाचक वाक्य चुनिए–**

(क) अब तुम घर जाओ। (ख) सुरेश को कल बुखार था।
(ग) उसने कोई प्रयास नहीं किया। (घ) हम मैच जीत गए।

**19. 'अब उसकी नौकरी लग जाएगी।'– वाक्य का इच्छावाचक में रूपांतरण होगा–**

(क) अब उसकी नौकरी लगनी चाहिए।
(ख) अब उसकी नौकरी नहीं लगेगी।
(ग) क्या अब उसकी नौकरी लग जाएगी?
(घ) शायद अब उसकी नौकरी लग जाएगी।

**20. 'कमला मन लगाकर पढ़ो।'–वाक्य का भेद है–**

(क) निषेधवाचक (ख) प्रश्नवाचक
(ग) आज्ञावाचक (घ) संकेतवाचक।

**21. अर्थालंकार किस पर आधारित होता है–**

(क) अर्थ पर (ख) लय पर
(ग) शब्दों पर (घ) तुकों पर।

**22. 'रघुपति राघव राजा राम।'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) यमक (ख) रूपक
(ग) अनुप्रास (घ) उपमा।

**23. '<u>मधुर मधुर</u> मेरे दीपक जला'–रेखांकित अंश में अलंकार है–**

(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) यमक (घ) अनुप्रास।

**24. 'तब तो <u>बहता समय</u> शिला-सा जम जाएगा।'– पंक्ति में रेखांकित है–**

(क) उपमेय (ख) उपमान
(ग) वाचक शब्द (घ) साधारण धर्म।

**25. 'जीवन-तरु की महिमा न्यारी।'– पक्ति में कौन-सा अलंकार है–**

(क) यमक (ख) श्लेष
(ग) उपमा (घ) रूपक।